<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

ए.के.टी.यू. के स्टेट लेवल स्पोर्टस फेस्ट–2018 में हिन्दुस्तान कॉलेज के खिलाड़ियों का जलवा

शारदा ग्रुप के प्रतिष्ठित संस्थान हिन्दुस्तान कॉलेज ऑफ साइंस एण्ड टेक्नोलॉजी के खिलाड़ियों ने ए.के.टी.यू. (अब्दुल कलाम तकनीकी विश्वविद्यालय, लखनऊ) की स्टेट लेवल स्पोर्टस फैस्ट–2018 में प्रतिभाग किया और ओवरऑल चैम्पियनशिप की रनरअप ट्रॉफी जीतकर आगरा जोन को दिलवाई।

इस अवसर पर शारदा ग्रुप के वाइस चेयरमैन श्री वाई.के.गुप्ता, कार्यकारी उपाध्यक्ष प्रो. वी. के. शर्मा ने संस्थान के विजेता खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनायें दी।

संस्थान के शारीरिक शिक्षा एवं खेलकूद निदेशक डॉ. राजेश कहरवार ने बताया कि स्टेट लेवल प्रतियोगिता में हिन्दुस्तान कॉलेज के खिलाड़ियों का प्रदर्शन काफी अच्छा रहा। स्टेट लेवल स्पोर्टस फेस्ट–2018 में हिन्दुस्तान कॉलेज ने 6 सिलवर मैडल और 1 ब्रॉज मैडल जीता।

स्टेट लेवल स्पोर्टस फेस्ट के विजेता खिलाड़ियों का प्रदर्शन इस प्रकार रहा।

बैडमिण्टन पुरुष वर्ग की टीम– घनेन्द्र शर्मा, (मैकेनिकल, तृतीय वर्ष), नमन गुप्ता (कम्प्यूटर साइंस, अंतिम वर्ष) और अंकुर सेंगर, (मकैनिकल, तृतीय वर्ष) की टीम ने सिल्वर मैडल जीता वहीं महिला वर्ग में रिया भारती (इनवॉयरमेंट इंजी., अंतिम वर्ष), मानसी शर्मा (आई.टी, द्वितीय वर्ष) और सौम्या चौधरी (कम्प्यूटर साइंस, अंतिम वर्ष) की टीम ने भी सिल्वर मैडल जीता।

अविनाश पटेल (मैकेनिकल, अंतिम वर्ष) की कप्तानी में खेल रही फुटबाल टीम ने अच्छे खेल का प्रदर्शन किया लेकिन रजत पदक पर संतोष करना पड़ा।

टेवल–टेनिस महिला वर्ग में– अनुपमा मौर्या (बायोटेक, अंतिम वर्ष), संध्या के.सी (इलैक्ट्रोनिक्स कम्युनिकेशन इंजी., अंतिम वर्ष) की टीम ने भी रजत पदक प्राप्त किया।

सुभम सिंह (मैकेनिकल, तृतीय वर्ष) ने एथलेटिक्स की लांग जम्प प्रतियोगिता में रजत पदक प्राप्त किया।

दीपक कुमार (ऑटोमोबाइल इंजी., तृतीय वर्ष) ने भी चक्का फेंक में रजत पदक प्राप्त किया।

आकाश कुमार (इलैक्ट्रीकल एण्ड इलैक्ट्रोनिक्स इंजी. तृतीय वर्ष) ने भाला फेंक में कास्य पदक जीता।

कॉलेज की सौम्या चौधरी (कम्प्यूटर साइंस, अंतिम वर्ष) ने मार्च पास्ट का नेतृत्व किया और ‘‘स्टेट लेवल स्पोर्टस फेस्ट–2018’’ के सभी आठ जोन से विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ियों को शपथ दिलाई।

स्टेट लेवल प्रतियोगिता में आठ खेलों में लगभग 800 महिला और पुरुष खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया।

पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में मुख्य अति के.जी.एम.यू. के कुलपति द्वारा किया गया। इस अवसर पर ए.के.टी.यू. के कुलपति डॉ. विनय कुमार पाठक, रजिस्ट्रार, डीन स्टूडेंट वैलफेयर उपस्थिति थे।

कॉलेज के निदेशक डॉ. राजीव कुमार उपाध्याय, डीन फैकल्टी डॉ. हरेन्द्र सिंह, डीन स्टूडेंट वैलफेयर डॉ. संदीप अग्रवाल, असिस्टेंट डीन अकैडमिक श्री विजय सुभाष कट्टा, सभी विभागों के विभागाध्यक्षों ने विजेता खिलाड़ियों को इस उपलब्धी के लिए बधाई दी।